## एक नजर में

### सतत् रूप से निकाल रहे प्रभात फेरी

**कुरावर 17 अगस्त, सं.** अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के समय से प्रतिदिन प्रात:काल नगर में रामनाम धुन, भजन कीर्तन के साथ श्रद्धालुओं के द्वारा सतत् रुप से प्रभात फेरी निकाली जा रही है. श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर तिरंगा ध्वज के साथ, देशभक्ति से ओतप्रोत वातावरण में भजन कीर्तन करते हुए प्रभात फेरी निकाली गई. रामनाम धुन के साथ श्रीकृष्ण के भजनों के साथ प्रभात फेरी निकाली. विदित है कि प्रतिदिन श्रीराम मंदिर से प्रात: 5 बजे प्रभात फेरी शुरु होकर मेन मार्केट से होते हुए रामजानकी मंदिर बस स्टेण्ड पहुंचती है.

### गायब युवक का नदी किनारे मिला शव

**सुठालिया 17 अगस्त, सं.** ग्राम बगवाज निवासी एक 45 वर्षीय युवक जोकि बीते पांच दिनों पहले घर से गायब हुआ था. उसका रविवार को सेमलापार पार्वती नदी किनारे कंकाल मिलने का मामला सामने आया है. जानकारी के अनुसार अमरचंद पिता रोडाजी लोधा उम्र 45 निवासी ग्राम बगवाज पिछले मंगलवार बुधवार को घर से अचानक गायब हो गया था. जिसका कंकाल रविवार को पार्वती नदी के किनारे मिला. ग्रामीणों द्वारा कंकाल दिखने की सूचना पुलिस को दी. मौके पर पुलिस ने पहुंचकर कंकाल को नदी किनारे से निकाला ओर पीएम के लिए स्थानीय चिकित्सालय पहुंचाया. जहा पीएम के बाद शव परिजनों को सौप दिया गया है. अभी यह पता नहीं चला ही की युवक कैसे नदी पर पहुंचा ओर उसकी किस तरह से मौत हुई. यह पुलिस की जांच का विषय है. पुलिस ने मामले में मार्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है.

### स्वतंत्रता दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम

**जीरापुर 17 अगस्त, सं.** एडवांस्ड किड्स एकेडमी में स्वतंत्रता दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए. शुरुआत प्रधानाचार्य ई के जोशी द्वारा ध्वज पोल एवं मां सरस्वती का पूजन और महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण करके की गई. विद्यालय परिसर में बैंड ग्रुप के साथ विभिन्न दलों ने मार्च पास्ट करते हुए सलामी दी. विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में समूह गान एवं नृत्य की प्रस्तुतियां दी गई. विद्यालय के जल, पृथ्वी, वायु,और अग्नि दलों के विद्यार्थियों के बीच भाषण प्रतियोगिताए हुई. प्रतियोगिता में विजेताओं को अंत में प्रधानाचार्य द्वारा शुभकामनाएं दी.

### रॉयल हाइट्स स्कूल में मनाया स्वतंत्रता दिवस

**जीरापुर 17 अगस्त, सं.** रॉयल हाईट्स हायर सेकेंडरी स्कूल में देश का 79वाँ स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में बच्चों ने देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए. शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा राष्ट्रगान से हुआ. विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, नृत्य, नाटक और भाषण प्रस्तुत किया. देश की आज़ादी में बलिदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करते हुए बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से एकता, भाईचारे और राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया. इस अवसर पर संस्था संचालक रणधीर सिंह ने कहा कि स्वतंत्रता हमें आज़ादी के उन महानायकों के बलिदान की याद दिलाती है. जिनके कारण हम स्वतंत्र भारत में साँस ले रहे हैं. विद्यार्थियों को चाहिए कि वे अनुशासन, परिश्रम और ईमानदारी के साथ देश के निर्माण में योगदान दें. संस्था प्रबंधक यशवर्धन सिंह एवं प्राचार्य शैलेंद्र जोशी उपस्थित रहे. कार्यक्रम में विभिन्न खेल प्रतियोगिताएँ, वाद-विवाद, कवि सम्मेलन तथा चित्रकला जैसी गतिविधियाँ भी आयोजित की गईं. जिनमें विद्यार्थियों ने बढ़-

# आबादी के बीच जमा पानी से बीमारी का भय

## निकासी के अभाव में कई स्थानों पर भरा है बारिश का पानी

**रहवासी क्षेत्रों में भरे पानी से मोहल्लों के हालात खराब**

**मच्छर एवं अन्य कीटाणुओं के प्रकोप से बीमारियों का भय**



**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 17 अगस्त.** **इन दिनों मौसम के हालात बैचेन करने वाले हो रहे है. ऐसे में मच्छर, कीटाणुओं का प्रकोप बीमारी का कारण बन रहे है. पानी निकासी के अभाव में हालात और खराब हो रहे है. कई मोहल्लों में जमा पानी बीमारियों के प्रकोप की संभावना जता रहा है. जमा पानी से मच्छर पैदा हो रहे है और लोगो के लिये मुसीबत पैदा कर रहे है.**

गौरतलब है कि बारिश का क्रम रुकने पर उमस भरी गर्मी का जर्बदस्त प्रकोप बना हुआ है. ऐसे में नगर के कई रहवासी क्षेत्रों में निकासी के अभाव में अभी भी बारिश का पानी भरा होकर बीमारियों को जनम दे रहा है. बारिश के जमा पानी में मच्छर व अन्य कीटाणु पनप रहे है.

नगर के कई घने आबादी वाले क्षेत्रों में निकासी के अभाव में बारिश का पानी भर गया था. यह जमा पानी पहले तो लोगो के लिये आवागमन में बाधा बना और अब बीमारियों का कारण बन रहा है. बारिश का पानी जमा होने से रहवासियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. सुठालिया बायपास पर सर्वाधिक परेशानी का सामना नागरिकों को करना पड़ा. जहां कई स्थानों पर बारिश का पानी मच्छर, कीटाणु पनपने का आधार बन रहा है. यादव धर्मशाला के आगे और पीछे वाले रहवासी क्षेत्र की कॉलोनी में कई प्लॉट पानी से लबालब है. इनके कारण मौसम बदलते ही मच्छर का प्रकोप और जहरीले जीव जंतु के पनपने का भय बना रहता है. इस ओर किसी का ध्यान नहीं है.

### नाली का ठिकाना नहीं, बारह महीने परेशानी

सुठालिया बायपास या फिर अन्य रहवासी क्षेत्रों में कई जगह पर निकासी के लिए नाली तक का निर्माण नहीं होने से पानी घरों के आसपास या फिर सड़को पर भरा रहता है. बारिश के दिनों में ये हालात विकराल रुप ले लेते है. जबकि व्यवस्थित तरीके से यदि नाली निर्माण कर दिया जाये तो पानी निकासी की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा. इस विकट समस्या की और कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा. बारह महीने लोग परेशान होते है. बारिश में रहवासी क्षेत्रों में पानी जमा होता है तो आनन-फानन में जेसीबी से पानी निकासी कर सब अपना काम खत्म मान लेते है.

### अवैध कॉलोनी वाले क्षेत्रों में अधिक समस्याएं

वर्षाकाल में बारिश के पानी की निकासी की समस्या गहराई है, इस समस्या ने कई जगह पर विकराल रुप ले लिया. जुलाई माह में तेज बारिश के दौरान सुठालिया बायपास, वार्को सिटी, कॉलोनियों, गली-मोहल्लों में समुचित निकासी नहीं होने से पानी जमा हो गया. जिसके कारण रहवासियों को काफी तकलीफों का सामना करना पड़ा. इसके पीछे पूर्व से निकासी की बेहतर व्यवस्था नहीं होना तथा जहां से निकासी हो पाती थी वहां के रास्ते भी अवरुद्ध होने के कारण बारिश के पानी की निकासी नहीं होने से हालात बिगड़े. सबसे अधिक समस्या अवैध कॉलोनी के कारण आ रही है.

# मंदिरों में मनाया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, भजन कीर्तन किए

## 21 फीट ऊंची मटकी फोड़ प्रतियोगिता हुई

**नवभारत न्यूज**

**पड़ाना 17 अगस्त.** श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर नगर सहित आसपास ग्रामीण अंचलों में श्री कृष्ण जन्मोत्सव बड़े ही हर्ष उल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया कई मंदिरों पर रात्रि 12 बजे तक भजनों का दौर जारी रहा तो कहीं गली मोहल्ले में वह

**जगह-जगह हुआ मटकी फोड़ आयोजन**

मंदिर के चौक चौराहे पर युवक युवतियों और नन्हे बच्चों द्वारा लंगडी मटकी अधी मटकी दही हांडी मटकी इत्यादि का कार्यक्रम देर रात तक चलता रहा इसी के चलते गुलाब्ता नगर में खाटू श्याम मित्र मंडल के तत्वाधान में राधा कृष्ण मंदिर परिसर में 21 फीट ऊंची मटकी फोड़ प्रतियोगिता का कार्यक्रम आयोजित किया गया कंडारा मोहल्ला माली मोहल्ला शीतला माता चौराहा गांधी चौक टेंपो स्टैंड इत्यादि जगहों पर मटकी फोड़ कार्यक्रम आयोजित किया गया वहीं सभी ग्राम मऊ में हिंदू उत्सव समिति के तत्वाधान में सत्य विजय रामलीला मंडल परिसर में 35 फीट ऊंची मटकी



फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जहां नगर की पांच टीमों भाग लिया जहां प्रकाश सांवरा टीम सदस्यों ने 35 फीट ऊंची मटकी फोड़ प्रतियोगिता में विजेता बनी हिंदू उत्सव समिति द्वारा टीम सदस्यों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया इस मौके पर राजेश परमार यशवंत सिंह राजपूत सरदार सिंह परमार राम शर्मा कमल सिंह राजपूत नरेंद्र राजपूत राहुल राजपूत नीरज राजपूत राजेश रंजन नारायण ठाकुर सहित अन्य लोग उपस्थित रहे.



# शिक्षा के साथ खेलों में भी आगे बढ़ें - राज्यमंत्री

## ब्यावरा में हो रही जिला स्तरीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता

**जीत-हार खेल का हिस्सा है, लेकिन पूरे मनोयोग से खेलना ही असली सफलता है**

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 17 अगस्त. राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग नारायण सिंह पंवार रविवार को ब्यावरा में आयोजित जिला स्तरीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होकर युवा खिलाडियों का उत्साहवर्धन किया. यह प्रतियोगिता स्कूल शिक्षा विभाग के तत्वाधान में आयोजित की गई थी. जिसमें जिले के 6 ब्लॉकों से बालक एवं बालिकाओं की टीमें शामिल हुई.**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि खेल जीवन में अनुशासन, परिश्रम और आत्मविश्वास लाने का सर्वोत्तम माध्यम हैं. खेल ही वह शक्ति है, जो बच्चों को संघर्ष और सफलता का पाठ सिखाती है. हमारी प्राथमिकता है कि जिले का हर बच्चा शिक्षा के साथ खेलों में भी अपनी प्रतिभा दिखाए और प्रदेश व देश का नाम रोशन करे. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में खेल अधोसंरचना को निरंतर सुदृढ़ किया जा रहा है. स्टेडियम निर्माण, खेल अकादमियां और प्रशिक्षण शिविरों से बच्चों को अवसर दिए जा रहे हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खेलो इंडिया अभियान का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार चाहती है कि हर बच्चा खेलों में सक्रिय भागीदारी करे. और अपने परिवार जिले सहित प्रदेश में अपना नाम रोशन करे.

प्रतियोगिता के दौरान बालक-बालिकाओं की टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया. राज्यमंत्री श्री पंवार ने खिलाडियों से भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया. उन्होंने कहा कि जीत-हार खेल का हिस्सा है, लेकिन पूरे मनोयोग से खेलना ही असली सफलता है.

### हर्षांत इंग्ले बने हिउस के अध्यक्ष



**राजगढ़ 17 अगस्त, का.** हिन्दू उत्सव समिति के अध्यक्ष पद के लिए नगर के युवा हर्षांत इंग्ले का चयन किया गया. गत वर्ष सर्वसम्मति से 10 अध्यक्षों की नियुक्ति की गई थी. इस बार सभी 10 अध्यक्षों की सहमति से हर्षात इंग्ले को अध्यक्ष चुना गया. वही दिनेश मोर्य को महामंत्री बनाया. शेष कार्यकारिणी की घोषणा जल्द मनोनीत अध्यक्ष द्वारा की जायेगी.

# जन्माष्टमी पर निकाला चल समारोह, शाम को मंदिरों में हुए आयोजन

**नवभारत न्यूज**

**बोड़ा 17 अगस्त.** श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर यादव समाज द्वारा भगवान श्री कृष्णा का चल समारोह का आयोजन किया गया. जिसमें भगवान श्री कृष्ण की झांकी बनाई गई. ढोल धमाके के साथ भगवान कृष्ण की झांकी यादव मोहल्ले से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्ग से होते हुए अंबेडकर चौराहे पर भव्य चल समारोह का समापन हुआ. नगर के सभी मंदिरों में सजावट भक्ति गाना किए गए. साथी सावन मास से प्रारंभ हुई सभी मंदिरों में भगवान को पालने में जुलाया. एक माह 8 दिन तक नगर के सभी मंदिरों पर भगवान को पालने में झूलया जाता है. रात्रि 10 बजे आरती तथा प्रसादी का वितरण किया जाता है वहीं भादो मास के अष्टमी के पवन पर्व पर भगवान का विशेष सजावट और श्रंगार और किया जाता है मध्य रात्रि 12:00 बजे मंदिरों में महा आरती का आयोजन किया गया तत्पश्चात



नगर के सभी छोटे-बड़े मंदिरों में महाप्रसादी का आयोजन भी किया गया. जिसमें नगर के सभी नागरिकों द्वारा प्रत्येक मंदिरों पर जय जाकर प्रसादी में ग्रहण करते है.

# घरों में जो महाभारत चल रही है उसे जन्माष्टमी पर करें समाप्त

**नवभारत न्यूज**

**खिलचीपुर 17 अगस्त, सं. प्रजापिता ब्रह्मा कुमारीज विश्वविद्यालय खिलचीपुर के द्वारा श्री कृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर बड़े ही मनमोहक झांकी सजाई.**

ब्रह्माकुमारी अनीता बहन ने बताया कि हर वर्ष भारत में जन्माष्टमी के दिन श्री कृष्ण का जन्मोंत्सव धूमधाम से मनाया जाता है. प्रेम से श्री कृष्ण को सुंदर, मनमोहन, चितचोर आदि नामों से जाना जाता है. श्रीकृष्ण का सौंदर्य चित्त को चुरा ही लेता था क्योंकि श्री कृष्णा सर्वांग सुंदर थे. सर्वगुण संपन्न 16 क्लास संपूर्ण थे। ऐसे अनुपम सौंदर्य तथा गुणों के कारण ही श्री कृष्ण की पत्थर की मूर्ति भी चितचोर बन जाती है.बीके नीलम दीदी ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर यही ईश्वरीय संदेश है कि श्री कृष्ण के अंदर जो मूल्य और विशेषताएं हैं उन्हें अपने जीवन में उतारने का




प्रयास करे. गीता में वर्णित मनुष्य के अंदर छिपे शत्रुओं का नाश करें, तभी छोटी मोटी बातों के लिए हर घर में जो महाभारत चल रही है. उसे समाप्त करे. इस मौके पर संस्था से जुड़े सभी भाई बहनें उपस्थित रहे. अंत में श्री कृष्ण जी की आरती एवं प्रसाद वितरन किया गया.

### बारिश में बढ़ रहा तापमान

**ब्यावरा 17 अगस्त, का.** बारिश के मौसम में उमस भरी गर्मी का प्रकोप जारी है. गर्मी के कारण अधिकतम तापमान 33 से 34 डिग्री के बीच जा पहुंचा है. रविवार को उमस भरी गर्मी ने लोगों को खासा परेशान किया. उल्लेखनीय है कि फिलहाल बारिश का सिलसिला थमने के बाद से उमस भरी गर्मी का प्रकोप बढ़ गया है, इससे अधिकतम तापमान में इजाफा हो रहा है. रविवार को अधिकतम तापमान 34 डिग्री पर जा पहुंचा. रविवार को सुबह से ही काफी उमस के साथ गर्मी का प्रकोप रहा.

# खाटू श्याम मंदिर में कृष्ण जन्माष्टमी पर हुआ आयोजन, रात्रि 12 बजे हुई आरती



**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 17 अगस्त. नगर के श्री खाटू श्याम धाम मंदिर में कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया. मंदिर प्रशासन ने इस अवसर पर विशेष सजावट की.**

रात्रि 12 बजे भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव पर मंदिर परिसर जयकारों से गूंज उठा. श्रद्धालुओं नेनंद घर आनंद भयो और हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की के जयकारे



लगाए. इस अवसर पर बाबा श्री खाटू श्याम जी का 51 किलो गेंदे के फूलों से श्रृंगार किया गया. रात्रि में छप्पन भोग लगाया गया. श्री कृष्ण को पालने में झुलाया गया. विशेष आरती का आयोजन किया गया. जिसमें शहर के कई लोग शामिल हुए.

सुबह से ही श्रद्धालु मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे. देर रात तक भजन संध्या का आयोजन चला. कलाकारों ने मधुर भजनों की प्रस्तुति दी. श्रद्धालु भगवान श्री कृष्ण की भक्ति में झूमते और गाते नजर आए. मंदिर प्रबंधन ने इस पर्व के लिए विशेष तैयारियां की थीं. जन्माष्टमी पर्व के अवसर पर रात्रि 12 बजे विशेष आरती की गई. जिसमें कई लोग शामिल होने के लिए पहुंचे. बाबा श्री खाटू श्याम और लड्डू गोपाल की आरती की गई.

**शिविर** ▶ **महिलाओं और बच्चों को मिट्टी के गणेशजी बनाने का नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया**

# मिट्टी के गणेशजी बनाकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 17 अगस्त. सखी क्लब एवं रिदम एंड ब्लॉसम ग्रुप की पहल पर रविवार को अग्रवाल धर्मशाला में मिट्टी के गणेशजी बनाने का नि:शुल्क प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया. इसमें बड़ी संख्या में महिलाओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया.**

शिविर में प्रतिभागियों को मिट्टी से भगवान गणेश की सुंदर प्रतिमाएं बनाना सिखाया गया. बच्चों ने अपनी कल्पनाशीलता से आकर्षक प्रतिमाएं तैयार की.





वहीं महिलाओं ने बारीकी से प्रतिमाओं को सजाया. आयोजकों ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य प्लास्टर ऑफ पेरिस (पीओपी) से बनने वाली प्रतिमाओं के कारण होने वाले जल प्रदूषण को रोकना और पर्यावरण की रक्षा करना है.

प्रतिभागियों ने संकल्प लिया कि वे अपने घरों में बनाए गए गणेशजी का विसर्जन गमलों या छोटे जल पात्रों में ही करेंगे, ताकि नदियों को प्रदूषण से बचाया जा सके. मूर्ति बनाने का प्रशिक्षण रोहित मौर्य द्वारा दिया गया. आयोजनकर्ता ज्योति मंगल, प्रीति अग्रवाल व आरती मंगल, तन्वी अग्रवाल, ऋतुबंसल आदि उपस्थित रहे.विशेष सहयोग किट्टू कुशवाहा, आशिष सेन का रहा. शिविर में भाग लेने वालों में बच्चे हितांश बंसल, अनंत बंसल, उद्धव मंगल, निवान मंगल, प्राविका अग्रवाल, रिनीषा अग्रवाल, वान्या गुप्ता, धानी अग्रवाल, शाल्व बंसल, डैलीशा सिंगल, आयुषी अहिरवार, आर्या जैन, मोक्ष जैन, राव्या साहू, हिमांशी द्विवेदी, हिमांशु, शौर्य, रुशील सार्या और आरिध्य, सुजान शामिल रहे.

वहीं शामिल महिलाओं में हर्षिता डागा, रूपाली डागा, तन्वी अग्रवाल, ऋतु बंसल, आभा जैन, शिल्पी बंसल और प्रियंका अग्रवाल उपस्थित रही.

# जन्माष्टमी पर मंदिर में हुए आयोजन

**सुठालिया 17 अगस्त, सं.** शनिवार को योग योगेश्वर भगवान कृष्ण की जन्माष्टमी के मौके पर नगर के मंदिरों में देर रात तक नंदलाल के जय कारे गूंजे व धार्मिक आयोजन के साथ भजन कीर्तन किए गए. इस दौरान मंदिरों पर आकर्षक सजा सज्जा की गई. इनमें नगर के सदर बाजार स्थित श्री राम मंदिर, परलापुरा के लक्ष्मी कांत मंदिर, सदर बाजार के श्री लीला जी मंदिर, गड़ी के श्री राम मंदिर सहित नगर के विभिन्न मंदिरों में भगवान कृष्ण का जन्म उत्सव धूमधाम के साथ मनाया



गया. जहां देर रात 12 बजे महा आरती की गई वहीं नंदलाल के जयकारे गूंजे.